शिविर

सिकल सेल एनीमिया के उपचार पर रिसर्च को बढ़ाए : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

दिल्ली में बनेगा डिंडोरी की वनस्पतियों का हर्बल पार्क

नवभारत प्रतिनिधि

जबलपुर 19 जून. उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि डिंडोरी में आदिवासियों के कारण जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पतियों की भरपूर उपलब्धता है. इसलिए दिल्ली के उप राष्ट्रपति भवन में उक्त वनस्पतियों का हर्बल पार्क स्थापित करेंगे. इससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध होगा.

इन वनस्पतियों के रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाए, इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने सिकल सेल एनीमिया शिविर में बच्चों से बात की. यह विचार बुधवार को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में विश्व सिकल सेल दिवस-2024 पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा.

द्रोपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना इतिहास

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि द्रोपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है. अभी हम ब्राजील, कनाडा, इंग्लैड और फ्रांस से आगे निकला है. जल्दी ही जर्मनी और जापान से भी हम आगे निकलेंगे. इसमें जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है.

विकास से मोहित करते रहेंगे मोहन : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश अपने विकास से सबको मोहित करता रहेगा. डॉ. यादव ने पहली भेंट में ही मुझे बताया था कि प्रदेश से सिकल सेल उन्मूलन एवं जनजातीय विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं. मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर, लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध जैसे निर्णय उनकी संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच का प्रतीक है.